# स्मृतिशेष विभूतियाँ

## ( शिक्षणेत्तर कर्मचारी )

**प्रो0 सत्य प्रकाश**
संकायाध्यक्ष (वाणिज्य)
श्री म0रा0दा0पी0जी0 कॉलेज, भुड़कुड़ा गाजीपुर

1. **स्व0 हनुमान सिंह यादव जी** श्री महंथ रामाश्रय दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय भुड़कुड़ा गाजीपुर में कार्यालय अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएँ प्रदान किए हैं। आप बहुत योग्य और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। आपका जन्म सन् 08-04-1948 में ग्राम- भुड़कुड़ा, पोस्ट- भुड़कुड़ा जखनियाँ गाजीपुर के एक कृषक परिवार में हुआ था। महाविद्यालय के विकास में आरंभ से ही सदैव आप पदेन प्राचार्यों के साथ सक्रिय रूप से उपस्थित रहते थे। आपकी प्रतिभा एवं व्यवहार कुशलता का दर्शन रोजमर्रा के कार्यालयी कार्यों को ससमय संपन्न करते हुए अनुभव होता था।
2. **स्व0 लल्ली चौहान जी** इस महाविद्यालय में माली के पद पर लंबे समय तक कार्य किए। इसके पश्चात आप रूटीन लिपिक के पद पर कार्य करते हुए अवकाश प्राप्त किए। आपका जन्म 03-04-1953 में ग्राम- रामबन, भुड़कुड़ा, जखनियाँ गाजीपुर के एक कृषक परिवार में हुआ था। आप सजग एवं सक्रिय व्यक्ति थे। महाविद्यालय के विकास में आरम्भ से ही आप सदैव अनेक प्राचार्यों के साथ सहयोग के लिए उपस्थित रहते थे।
3. **स्व0 मोती राम जी** इस महाविद्यालय के भूगोल विभाग में लैब बियरर के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान किए हैं। आपका जन्म सन् 01-01-1957 ग्राम- भुड़कुड़ा, जखनियाँ, गाजीपुर के एक कृषक परिवार में हुआ था। महाविद्यालय के कार्यों में आरम्भ से ही आप सक्रिय रूप से अपना योगदान देते थे। आपकी कर्तव्यनिष्ठा आपकी सेवाओं से प्रकट होती थी।
4. **स्व0 नन्हकू पाण्डेय जी** इस महाविद्यालय में परिचर पद पर अपनी सेवायें प्रदान किए हैं। आपका जन्म सन् 10-01-1954 ग्राम- अलीपुर मदरा, जखनियाँ, गाजीपुर के एक कृषक परिवार में हुआ था। महाविद्यालय के विकास में इनकी भूमिका सराहनीय थी।
5. **स्व0 सुदर्शन राम जी** इस महाविद्यालय में चौकीदार के पद पर अपनी सेवायें प्रदान किए हैं। आप बहुत कर्मठ कर्मचारी थे। आपका जन्म सन् 07-05-1945 ग्राम- नेवादा, पोस्ट- डुबियाँ, गाजीपुर के एक कृषक परिवार में हुआ था। महाविद्यालय के विकास में आरम्भ से ही आपकी सक्रिय भूमिका रही है।
6. **स्व0 विंध्याचल सिंह यादव जी** इस महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में लैब बियरर के पद पर अपनी सेवायें प्रदान किए हैं। आपका जन्म सन् 04-05-1972 में ग्राम- रामवन, भुड़कुड़ा, जखनियाँ गाजीपुर के एक कृषक परिवार में हुआ था। महाविद्यालय के विकास में आपकी भूमिका आरम्भ से ही सराहनीय थी। आप व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी थे।

**आप सभी दिवंगत विभूतियों की मूल्यवान स्मृतियों को मान देते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं स्मृतिशेष जनों की पावन श्रृंखला में सादर नमन करता हूँ।**

***